29.05.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

प्रादेशिक समाचार

<u>मुख्य समाचार:</u>

- उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग के 45 साल पूरे होने पर पांच राष्ट्रीय पहलों की शुरुआत की।

- शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा- पेपर लीक दुर्भाग्यपूर्ण, सीबीआई करेगी जांच और दोषियों को मिलेगी कड़ी सजा ।

- केंद्र सरकार ने कहा- देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं, रिफाइनरियां पूरी क्षमता से चालू।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज माता वैष्णो देवी धाम के दर्शन करने जम्मू पहुंचे ।

<u>उपराष्ट्रपति- आर्ट ऑफ लिविंग</u>

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के 45 साल पूरे होने पर पांच राष्ट्रीय पहलों की शुरुआत की और एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग आज 182 देशों में मौजूद है और पूरी मानवता को जोड़ने का काम कर रहा है। वहीं गुरुदेव श्री श्री रविशंकर ने कहा कि आज की दुनिया में ध्यान विलासिता नहीं बल्कि जरूरत बन गया है और जीवन में ज्ञान, ध्यान और संगीत हमेशा साथ रहने चाहिए।

<u>शिक्षा मंत्री- इंटरव्यू</u>

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेपर लीक को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकार नहीं चाहती कि किसी भी योग्य छात्र का भविष्य परीक्षा माफियाओं की वजह से बर्बाद हो। उन्होंने कहा कि सीबीआई इस मामले की पूरी जांच करेगी और दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट- पेपर लीक

सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में कहा है कि इस चूक की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक आराधे की पीठ ने आज इस मामले में दायर याचिकाओं की सुनवाई की, जिनमें एनटीए को हटाकर उसकी जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाने की मांग भी शामिल थी। कोर्ट ने केंद्र सरकार से हलफनामा दाखिल करने को कहा है और अब अगली सुनवाई जुलाई के दूसरे हफ्ते में होगी।

## पेट्रोल- गैस आपूर्ति

केंद्र सरकार ने देशवासियों को भरोसा दिलाया है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से चल रही हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में अभी रोजाना 92 हजार मीट्रिक टन रसोई गैस का उत्पादन हो रहा है, जो अब तक का सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि किसी भी एलपीजी वितरक से गैस की कमी की कोई शिकायत नहीं आई है।

## राजनाथ सिंह- ऑपरेशन सिंदूर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने महज चार दिनों में पाकिस्तान को युद्धविराम की अपील करने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने इस अभियान को भारत के सैन्य इतिहास की अभूतपूर्व सफलता बताते हुए कहा कि यह तीनों सेनाओं के उत्कृष्ट तालमेल और आधुनिक सैन्य क्षमता का जीवंत उदाहरण था। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक विशेष स्मारक प्रकाशन का भी विमोचन किया। इस मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान समेत तीनों सेनाओं के प्रमुख उपस्थित रहे।

## सीएम वैष्णों देवी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज माता वैष्णो देवी धाम के दर्शन किए। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार का एक दल यहां की व्यवस्थाओं का अध्ययन करने आया है। डॉ. यादव ने कहा कि महाकाल मंदिर, ओंकारेश्वर और भोजशाला जैसे धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए देश के बड़े तीर्थस्थलों से सीख ली जा रही है।

## ट्विशा शर्मा मौत मामला

ट्विशा शर्मा मौत मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने सास गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह को पांच-पांच दिन की रिमांड पर भेज दिया है। गिरिबाला सिंह पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप है। कल सात घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें भोपाल स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। आप को बता दें 12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में ट्विशा की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके वालों ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

## भोपाल एसआईटी भंडाफोड़

भोपाल में एसटीएफ ने कल रात गांधीनगर इलाके में एक मकान पर छापा मारकर अवैध कफ सिरप बनाने के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया। यहां 'आफ कफ' नाम की नशीली सिरप बनाकर बाजार में सप्लाई की जा रही थी और पूरे सेटअप की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रही है। रात बारह बजे शुरू हुई यह कार्रवाई सुबह तीन बजे तक चली, जिसमें 700 से ज्यादा पेटियां, बोतलें और पैकेजिंग मशीनें जब्त की गईं और दस लोगों को हिरासत में लिया गया।

## गेहूं खरीदी

प्रदेश ने इस साल गेहूं खरीदी में नया रिकॉर्ड बनाया है। 100 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य के मुकाबले 104 लाख 22 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं खरीदा गया और 13 लाख से अधिक किसानों को 23 हजार 708 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि समर्थन मूल्य पर सबसे ज्यादा किसानों से गेहूं खरीदने के मामले में प्रदेश देशभर में नंबर एक है।

पीएम सूर्य घर योजना

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देशभर में 40 लाख घरों पर रूफटॉप सोलर लग चुके हैं, जिनमें प्रदेश के 1 लाख 21 हजार से अधिक घर शामिल हैं। प्रदेश में इन संयंत्रों से 456 मेगावॉट से ज्यादा स्वच्छ सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह योजना भारत को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक महाशक्ति बनाने की दिशा में अहम कदम साबित हो रही है।

जबलपुर-आउटर रिंगरोड

जबलपुर शहर के लोगों को जल्द ही ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलने वाली है क्योंकि एनएचएआई करीब 3 हजार 540 करोड़ रुपये की लागत से 114 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड बना रहा है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज बताया कि यह फोर लेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर खासतौर पर भारी और लंबी दूरी के वाहनों को शहर के बाहर से रास्ता देगा, जिससे उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जाने वाले वाहनों को शहर के अंदर घुसने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

छिंदवाड़ा - दो बच्चों की मौत

छिंदवाड़ा के घोघरा वाटरफॉल पर बुधवार को हुए दर्दनाक हादसे में डूबे दोनों किशोरों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हादसे में एक शव गुरुवार को और दूसरा शव 36 घंटे बाद आज गहरे पानी से निकाला गया। बताया जा रहा है कि दोनों दोस्त वाटरफॉल के पास सेल्फी लेते वक्त संतुलन बिगड़ने से गहरे पानी में चले गए थे।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों से अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की अपील की है। उन्होंने लोगों से खूब पानी पीने, बच्चों को हाइड्रेटेड रखने और घर से बाहर निकलते वक्त पानी की बोतल साथ रखने के लिए कहा है। मौसम विभाग ने ग्वालियर समेत छह जिलों में लू का

ऑरेंज अलर्ट और 27 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया था। हालांकि कल से राहत मिलने के आसार हैं. वहीं 30 मई से 1 जून के बीच प्रदेश के ज्यादातर जिलों में आंधी-बारिश और ओले गिरने की संभावना है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- खंडवा में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शासकीय महाविद्यालय में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित
- अशोकनगर में गर्मी में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम बनाया गया।
- दतिया में जल संरक्षण और मनरेगा में लापरवाही पर 11 सरपंचों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।
- धार में वन विभाग ने छापा मारकर निजी कंपनी के गोदाम से विभिन्न प्रजातियों की छाल और बीजों का अवैध भंडार जब्त किया।
- झाबुआ में आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक छात्र 30 जून तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं।
- देवास में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुओं, तालाबों और नदियों की सफाई और गहरीकरण का काम जारी।
- नर्मदापुरम में पवारखेड़ा में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित।
- आगरमालवा के नलखेड़ा में विधायक भेरोसिंह परिहार ने 11 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।
- गुना में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की वर्चुअल बैठक आयोजित।
- निवाड़ी में भाजपा जिला कार्यालय में "मोदी जी के 12 साल बेमिसाल" विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित।
- शिवपुरी में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 35 दिवसीय निशुल्क ब्यूटीशियन प्रशिक्षण में 31 महिलाएं हिस्सा ले रही हैं।

- जबलपुर में पश्चिम मध्य रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय में अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन पर सेमिनार और मॉक ड्रिल आयोजित।

-----------------------------